# कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला– बस्तर (छ0ग0)

## मैनुअल पद्वति निविदा सूचना

क्रमांक 4000......का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 /2022 जगदलपुर,दिनांक 28/11/22

नगरपालिक निगम, जगदलपुर की जलप्रदाय शाखा के अंतर्गत अधोसंरचन मद से वंचित क्षेत्रों में पाईप लाईन विस्तार कार्य संपादित किये जाने हेतु इच्छुक संस्थानों से फार्म "A" में स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्रर्ड पोस्ट द्वारा दिनांक 30.12.2022 को अपरान्हः 05.00 बजे तक मुहरबंद मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन पाईप लाईन विस्तार कार्य | Rs-15.65 Lacs | Rs-47000.00 | Rs-750.00 | अनुबंध संपादन उपरांत वर्षभर अनुसार |

प्राप्त निविदायें दिनॉक 02.01.2023 को पूर्वान्हः 11.30 बजे उपस्थि निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय से जारी नहीं किया जावेगा। निविदा प्रपत्र (फार्म "A विस्तृत नियम तथा शर्तें एवं सामग्रियों का विस्तृत विवरण नगरपालिक निगम, जगदलपुर की विभागीय वेबसाइ www.nagarnigamjagdalpur.inएवं http://uad.cg.gov.in तथा Potal (http:// eproc.cgstate.gov.i offline Tender) से निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि / समय के एक कार्यालयीन दिवस पूर्व त डाउनलोड / अवलोकित कर निविदा में भाग लिया जा सकता है। इसके अन्यत्र मोबाईल नंबर– 9285006127 पर संप साधकर भी जानकारी ली जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर
जगदलपुर, दिनांक 28/11/22

पृ0 क्रमांक 4001 का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2022
प्रतिलिपि :–

1. मान0 महापौर / अध्यक्ष, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. मान0 सभापति, ज0प्र0शा0, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
4. नेता प्रतिपक्ष, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
5. संपादक..........................दैनिक समाचार पत्र रायपुर / जगदलपुर की ओर संप्रेषित कर लेख है कि, कृ आपके समाचार पत्र के आगामी अंक में मात्र एक बार न्युनतम साईज में प्रकाशित कर इस पत्र की छायाप्रति एवं प्रकाशित समाचार की 3 प्रतियों सह देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत करें ।
6. सूचना फलकः– मुख्य कार्यालय / लोक निर्माण शाखा कार्यालय / जलप्रदाय शाखा कार्यालय नगरपालि निगम, जगदलपुर में चस्पा हेतु ।
7. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छ.ग. नया रायपुर की ओर संचालनालय के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु अग्रषित।
8. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु ।
9. श्री सुमित महापात्र, जनसंपर्क, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर शासन के निर्देशानुसार समाचार पत्र में प्रकाशित करवाये जाने हेतु तीन–तीन प्रतियों में प्रेषित है। समाचार पत्र में प्रकाशन उपरांत प्रकाशित समाचार पत्र की दो–दो प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

# कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला– बस्तर (छ0ग0)

## विस्तृत निविदा विज्ञप्ति

निविदा क्रमांक 4000 ........ का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2022 जगदलपुर, दिनांक 28.11.2022

**निविदा से संबद्ध कार्य का विवरण एवं नियम तथा शर्ते**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र स्पीड / रजिस्ट्रर्ड डाक द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि / समय | दिनांक 30.12.2022 सायं 05.00 बजे तक |
| 2 | प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि / समय | दिनांक 02.01.2023 अपरान्ह 11.30 बजे |

संपादित किये जाने वाले कार्यो का विवरण :–

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन पाईप लाईन विस्तार कार्य | Rs-15.65 Lacs | Rs-47000.00 | Rs-750.00 | अनुबंध संपादन उपरांत वर्षभर अनुसार |

टीप :–

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय से जारी नही किया जावेगा। निर्धारित निविदा प्रपत्र तथा नियम एवं शर्ते नगरपालिक निगम, जगदलपुर की वेबसाईड **www.nagarnigamjagdalpur.in** एवं http://uad.cg.gov.in तथा Potal (http:// eproc.cgstate.gov.in/ offline Tender) से निविदा जमा करने के अंतिम तिथि / समय के एक कार्यालयीन दिवस पूर्व तक डाउनलोड किया जा सकता है। धरोहर राशि का एफ. डी. आर. तथा निविदा प्रपत्र शुल्क रू. – 750.00 का डिमांड ड्राफ्ट जो की आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर के पक्ष में देय हो निविदा सह निर्धारित लिफाफा "A" के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

4. नियम एवं शर्तों का पूर्ण अवलोकन करने उपरांत ही निविदा में सम्मिलित होवें ।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

निविदा क्रमांक – 1000 दिनांक – 28.11.2017

## निविदा हेतु नियम तथा शर्तें:–

1. सशर्त निविदा मान्य नही होगी।
2. निविदा में प्रतिभागी बनने के पूर्व नियम तथा शर्तों का पूर्ण अवलोकन करने उपरांत ही निविदा में सम्मिलित होवें। निविदा से संबद्ध किसी भी प्रकार की जानकारी नगरपालिक निगम, जगदलपुर की जलप्रदाय शाखा से प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा निरस्त करने, स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने/सामग्री की मात्रा कम अथवा अधिक करने/अनुमानित व्यय की राशि कम अथवा अधिक करने के समस्त अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेंगे।
4. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर का निर्णय अंतिम तथा सर्वमान्य रहेगा।
5. निविदा प्रपत्र, विस्तृत नियम/शर्तें एवं सामग्रियों का विस्तृत विवरण नगरपालिक निगम, जगदलपुर की वेबसाईट **www.nagarnigamjagdalpur.in** से निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय के एक कार्यालयीन दिवस पूर्व तक डाउनलोड/अवलोकित किया जा सकता है। निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट एवं निर्धारित अमानत राशि के एफ.डी.आर. सहीत जो कि आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर के पक्ष में देय हो, निविदा प्रस्तुत की जानी होगी।
6. प्रस्तावित की जाने वाली दरों में समस्त प्रकार के कर एवं वर्तमान में प्रचलित जी.एस.टी. अतिरिक्त देय होगा तथा विभाग के भंडार कक्ष तक सामग्री पहुंचाने का समस्त व्यय (Transporting Charges & Labour Charges) सम्मिलित होना चाहिए। सामग्री प्रदाय उपरांत भुगतान किये जाने वाले देयकों में से शासकीय नियमानुसार करों की कटौति की जावेगी। परिवहन के दौरान सामग्रियों में किसी भी प्रकार की क्षति होने पर सामग्रीयॉ स्वीकार योग्य नहीं होगी ।
7. धरोहर राशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर को देय हो स्वीकार की जावेगी। पूर्व से विभाग में जमा एफ0डी0आर0 अथवा नगद राशि इस निविदा हेतु समायोजित नही की जावेगी।
8. स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि/समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की जाने वाली निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
9. सामग्री प्रदाय हेतु **नोटरी से प्रमाणित पेन कार्ड की छायाप्रति, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति** निविदा सह लिफाफा "बी" में प्राप्त होने पर ही दर प्रस्ताव से संबद्ध लिफाफा "सी" खोला जाकर निविदा पर विचार किया जावेगा।
10. निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर की सक्षम स्वीकृति उपरांत रूपये 100.00 मात्र के नॉन ज्यूडिशियल स्टैम्प पेपर पर अनुबंध संपादित किया जाना होगा। अनुबंध अनुरूप सामग्री प्रदाय करने में असफल रहने पर भुगतान देय नही होगा साथ ही विभाग नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। अनुबंधित अवधि में दरों में किसी भी प्रकार की वृद्धि मान्य नही होगी।
11. उच्च गुणवत्ता की निर्धारित मानक सामग्री कार्य संपादन हेतु उपयोग किया जाना होगा अन्यथा भुगतान देय नहीं होगा। सामग्री का परीक्षण करवायें जाने हेतु विभाग स्वतंत्र रहेगा।
12. कार्य संपादन उपरांत सफल परिक्षण किये जाने के बाद ही भुगतान देय होगा।
13. कार्यादेश में दर्शित प्रदाय अवधि अंतर्गत कार्य संपादित करना अनिवार्य होगा।
14. निविदा हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, छ0ग0 शासन की नियमावली का पालन किया जावेगा।
15. उपअभियंता के निर्देशानुसार कार्य संपादित किया जाना होगा।
16. निविदा क्रमशः A,B तथा C की तीन लिफाफा पद्धति में प्रस्तुत की जानी होगी। तीनों लिफाफे एक बडे लिफाफे में डालकर प्रस्तुत किये जाने होंगे। बडे लिफाफे में डाले जाने वाले लिफाफों पर लिफाफा क्रमांक–(A,B,C) , निविदा क्रमांक, निविदा दिनांक तथा खोले जाने की तिथि अंकित कर आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर को प्रेषित किया जाना होगा। लिफाफा "A" में धरोहर राशि से संबद्ध F.D.R., लिफाफा "B" में नियम तथा शर्ते मान्य होने का प्रमाण पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज/प्रमाण पत्र तथा लिफाफा "C" में निविदा प्रपत्र डालकर सभी लिफाफे मुहरबंद कर प्रस्तुत किये जाने होंगे। तीनों लिफाफे क्रमशः खोले जावेंगे। किसी लिफाफे में वांछित दस्तावेज प्राप्त न होने पर आगे क्रम के लिफाफे नहीं खोले जाकर निरस्त किये जावेंगे। लिफाफे निविदाकार अथवा उसके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि के समक्ष निर्धारित तिथि तथा निर्धारित समय पर खोले जावेंगे। निविदा खोले जाने की पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम जगदलपुर